जेफरी लैंग, गणित के प्रोफेसर और लेखक, संयुक्त राज्य अमेरिका

रेटिंग:

विवरण:

श्रेणी: लेख नए मुसलमानों की कहानियां व्यक्तित्व

द्वारा: Ammar Bakkar

पर प्रकाशित: 04 Nov 2021

अंतिम बार संशोधित: 04 Nov 2021



डॉ. जेफरी लैंग, संयुक्त राज्य अमेरिका के सबसे बड़े विश्वविद्यालयों में से एक, केन्सास विश्वविद्यालय में गणित के एसोसिएट प्रोफेसर हैं। उन्होंने अपनी धार्मिक यात्रा 30 जनवरी, 1954 को शुरू की, जब उनका जन्म ब्रिजपोर्ट, कनेक्टिकट में एक रोमन कैथोलिक परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने जीवन के पहले 18 साल कैथोलिक स्कूलों में बिताए, जिसने उन्हें ईश्वर और ईसाई धर्म के बारे में कई अनुत्तरित प्रश्नों के साथ छोड़ दिया, जैसा की इस्लाम की अपनी कहानी सुनाते हुए लैंग ने कहा। "60 के दशक के अंत और 70 के दशक की शुरुआत में अधिकांश बच्चों की तरह, मैंने उन सभी मूल्यों पर सवाल उठाना शुरू कर दिया, जो उस समय हमारे पास थे, राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक," लैंग ने कहा। "मैंने कैथोलिक चर्च सहित उन सभी संस्थाओं के खिलाफ विद्रोह किया, जिन्हें समाज पवित्र मानता था," उन्होंने कहा।

जब वे 18 वर्ष के हुए, तब तक लैंग एक पूर्ण नास्तिक बन चुके थे। “अगर ईश्वर है, और वह परम दयालु और प्रेमपूर्ण है, तो इस धरती पर दुख क्यों है? वह हमें स्वर्ग में क्यों नहीं ले जाते? क्यों इन सभी लोगों को पीड़ित करने के लिए पैदा किया?" उन दिनों उनके मन में ऐसे ही सवाल उठते थे।

सैन फ्रांसिस्को विश्वविद्यालय में गणित में एक युवा व्याख्याता के रूप में, लैंग को अपना धर्म मिला जहां ईश्वर अंततः एक वास्तविकता है। यह उन्हें विश्वविद्यालय में मिले कुछ मुस्लिम मित्रों द्वारा

बताया गया था। “हमने धर्म के बारे में बात की। मैंने उनसे अपने प्रश्न पूछे, और मुझे वास्तव में आश्चर्य हुआ कि उन्होंने अपने उत्तरों को कितनी सावधानी से सोचा था," लैंग ने कहा।

डॉ. लैंग ने महमूद कंदील से मुलाकात की, जो एक कुलीन दिखने वाला सऊदी छात्र था, कक्षा में आने के बाद से उसने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। जब लैंग ने चिकित्सा अनुसंधान के बारे में एक प्रश्न पूछा, तो कंदील ने पूर्ण अंग्रेजी में और बड़े आत्म-आश्वासन के साथ प्रश्न का उत्तर दिया। कंदील को हर कोई जानता था - मेयर, पुलिस प्रमुख और आम लोग। प्रोफेसर और छात्र एक साथ उन सभी जगहों पर गए जहाँ "कोई सुख या खुशी नहीं थी, केवल हँसी थी।" फिर भी अंत में, कंदील ने आश्चर्यजनक रूप से उन्हें क़ुरआन और इस्लाम पर कुछ किताबें दीं। लैंग ने क़ुरआन अपने आप पढ़ा, विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा संचालित प्रार्थना कक्ष में जाने लगे, और मूल रूप से बिना किसी संघर्ष के आत्मसमर्पण कर दिया। क़ुरआन ने उसे जीत लिया था। पहले दो अध्याय उसका वृत्तांत हैं और यह एक आकर्षक वृत्तांत है।

““चित्रकार किसी चित्र की आँखों को इधर से उधर आपका पीछा करते हुए दिखा सकते हैं, लेकिन कौन सा लेखक ऐसा ग्रंथ लिख सकता है जो आपके दैनिक उतार-चढ़ाव का अनुमान लगाता हो?... हर रात मैं प्रश्न और आपत्तियां तैयार करता और अगले दिन किसी तरह उत्तर खोजता। ऐसा लग रहा था कि लेखक मेरे विचारों को पढ़ रहा है और मेरे आगे पढ़ने वाली पंक्तियों में लिख रहा है। मैं खुद को इसके पन्नों में पाया है...”

लैंग प्रतिदिन पांच समय की प्रार्थना नियमित रूप से करते हैं और बहुत आध्यात्मिक संतुष्टि पाते हैं। वह फज्र (सुबह से पहले) की प्रार्थना को इस्लाम में सबसे सुंदर और गतिशील अनुष्ठानों में से एक मानते है।

इस सवाल पर कि क़ुरआन अरबी में है जो उनके लिए पूरी तरह से विदेशी भाषा है, तो इसके पढ़े जाने पर उन्हें ये इतना लुभावना कैसे लगता है? वह जवाब देते है; “माँ की आवाज़ से बच्चे को सुकून क्यों मिलता है?” उन्होंने कहा कि क़ुरआन पढ़ने से उन्हें मुश्किल समय में काफी आराम और ताकत मिली है। तब से, लैंग के आध्यात्मिक विकास के लिए विश्वास अभ्यास का विषय बन गया।

दूसरी ओर, लैंग ने गणित में अपना करियर बनाया। उन्होंने पर्ड्यू विश्वविद्यालय से मास्टर और डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। लैंग ने कहा कि वह हमेशा से गणित उनका पसंदीदा रहा है। "गणित तार्किक है। इसमें ठोस जवाब खोजने के लिए तथ्यों और आंकड़ों का उपयोग करना शामिल है, “लैंग ने कहा। "इसी तरह मेरा दिमाग काम करता है, इसलिए जब मेरे सामने ऐसी चीज़े होती है जिनका ठोस उत्तर नहीं होता तो मै निराशा हो जाता हूं।" उन्होंने कहा कि ऐसा दिमाग होने से जो विचारों को उनकी

तथ्यात्मक योग्यता के आधार पर स्वीकार करता है, किसी धर्म में विश्वास करना मुश्किल हो जाता है क्योंकि अधिकांश धर्मों को विश्वास द्वारा स्वीकृति की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि इस्लाम मनुष्य के तर्क को आकर्षित करता है।

लैंग ने कहा कि मुस्लिम छात्र संघ के संकाय सलाहकार के रूप में, वह खुद को छात्रों और उनके विश्वविद्यालयों के बीच संपर्क के रूप में देखते हैं। उन्हें इस्लामी व्याख्यान आयोजित करने के लिए विश्वविद्यालय के अधिकारियों से स्वीकृति मिलती है। "उनके संकाय सलाहकार होने का उद्देश्य अमेरिकी संस्कृति और विश्वविद्यालय की प्रक्रियाओं में समायोजन के रूप में उनकी जरूरतों को पूरा करने में उनकी सहायता करना है। वे गलतफहमियों को ठीक करने के अवसर की सराहना करते हैं, "उन्होंने कहा।

लैंग ने 12 साल पहले सऊदी की मुस्लिम महिला रायका से शादी की थी। लैंग ने कई इस्लामिक किताबें लिखी हैं जो अमेरिका में मुस्लिम समुदाय के बीच बेस्ट सेलर हैं। उनकी महत्वपूर्ण पुस्तकों में से एक है "इवन एंजेल्स आस्क; ए जर्नी टू इस्लाम इन अमेरिका।" इस पुस्तक में, डॉ. लैंग अपने पाठकों के साथ कई अंतर्दृष्टि साझा करते हैं जो इस्लाम धर्म के भीतर अपनी स्वयं की खोज और प्रगति के माध्यम से उनके लिए सामने आई हैं।

इस लेख का वेब पता:

https://www.islamreligion.com/hi/articles/78

कॉपीराइट © 2006-2020 सभी अधिकार सुरक्षित हैं। © 2006 - 2023 IslamReligion.com. सभी अधिकार सुरक्षित हैं।